हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 31 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.6 डिग्री
न्यूनतम 3.8 डिग्री

11 पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंक ...


12 डीएलसी सुपवा ने वर्षों से लंबित शैक्षणिक अड़चन ...


## नवर्ष को लेकर पुलिस अलर्ट : शहर में सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

# 34 जगह रहेगी नाकाबंदी, शराब पीकर वाहन चलाया तो खैर नहीं

### हुड़दंगबाजी और अवैध आतिशबाजी पर शिकंजा

### भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस ने बढ़ाई गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नववर्ष 2026 के आगमन को लेकर शहर में जहां उत्साह और खुशियों का माहौल है। वहीं, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोहतक पुलिस ने व्यापक और कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नववर्ष के जश्न के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, हुड़दंग या कानून उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने वालों, सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा करने वालों, अवैध डीजे, लाउडस्पीकर और पटाखे चलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शांति भंग करने वालों से सख्ती से निपटेंगे



एसपी भौरिया ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग, हंगामा या शांति भंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। नियमों के विरुद्ध डीजे बजाने, लाउडस्पीकर के अनुचित उपयोग और अवैध आतिशबाजी करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रमुख स्थानों पर पुलिस रहेगी मौजूद

नववर्ष के मद्देनजर रोहतक पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। नया बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड, किला रोड, शोरी मार्केट, चमेली मार्केट, गांधी कैंप मार्केट, डी-पार्क, शीला बाईपास, गोहाना अड्डा सहित शहर के विभिन्न शॉपिंग कॉम्पलेक्स और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की लगातार गश्त जारी है। भीड़भाड़ वाले बाजारों में पैदल गश्त को भी प्रभावी रूप से लागू किया गया है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### होटलों व ठहरने के स्थानों की जांच

नववर्ष के अवसर पर बाहर से आने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, धर्मशालाओं एवं अन्य ठहरने के स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा रिकॉर्ड की जांच के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। सीआईए की अलग-अलग टीमें शरारती और असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं ताकि किसी भी आपराधिक घटना को समय रहते रोका जा सके।

### विशेष नाकाबंदी की व्यवस्था

पुलिस द्वारा शहर में कुल 34 स्थानों पर विशेष नाकाबंदी की व्यवस्था की गई है। यह नाकाबंदी नववर्ष की पूर्व संध्या से ही शुरू कर दी जाएगी। इसके साथ ही टोल प्लाजा पर भी रातभर विशेष नाकाबंदी रहेगी। दुर्गा शक्ति टीमों के अलग से नाके लगाए गए हैं, जहां विशेष रूप से महिला सुरक्षा पर ध्यान दिया जाएगा। नाकों पर वाहनों की गहनता से जांच की जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई होगी।

### अल्कोहल सेंसर से जांच की जाएगी

एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए शहर में चिन्हित स्थानों पर अलग से नाकाबंदी की जाएगी। वाहन चालकों की अल्कोहल सेंसर से जांच की जाएगी और शराब के नशे में ड्राइविंग करने वालों के मौके पर ही चालान काटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

### आमजन से सहयोग की अपील

पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नववर्ष का जश्न शांति, सौहार्द और कानून के दायरे में रहकर मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि नया साल सभी के लिए सुरक्षित और सुखद बन सके।

### पुलिस बल तैयार

जिले की सभी राइडर और पीसीआर टीमें लगातार गश्त पर रहेंगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में रिजर्व पुलिस बल तैनात किया गया है, जो 24 घंटे तैयार रहेगा।

## भालौठ : प्लॉट में बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप

### ठंड लगने से मौत होने की आशंका

72 घंटे के लिए डेड हाउस में सुरक्षित रखा गया शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले के भालौठ गांव में मंगलवार उस समय सनसनी फैल गई, जब सरकारी स्कूल के समीप स्थित एक खाली प्लॉट में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए डेड हाउस भिजवा दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि बुजुर्ग की मौत अत्यधिक ठंड के कारण हुई हो सकती है।



मौके पर जांच करती एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी।

### पहचान से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला

पुलिस ने बताया कि मृतक की तलाशी के दौरान उसके पास से कोई भी पहचान से संबंधित दस्तावेज या कागजात बरामद नहीं हुए हैं। इसके चलते मृतक की पहचान में परेशानी आ रही है। आईएमटी थाना पुलिस ने स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई भी व्यक्ति मृतक को पहचान नहीं सका।

### पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी

पुलिस द्वारा आसपास के थानों को भी सूचना दे दी गई है, ताकि लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड से मृतक की पहचान की जा सके। साथ ही पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं बुजुर्ग किसी अन्य क्षेत्र से भटककर यहां तो नहीं पहुंचा था। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बुजुर्ग के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत आईएमटी थाना पुलिस से संपर्क करें। ताकि मृतक की पहचान सुनिश्चित की जा सके।

## खबर संक्षेप

### एमएड सेमेस्टर के पेपर की परीक्षा तिथि बदली

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने एमएड तृतीय सेमेस्टर के पेपर की परीक्षा तिथि में बदलाव किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि एमएड तृतीय सेमेस्टर के पेपर इंस्टीट्यूशनल प्लानिंग एंड मैनेजमेंट (इलेक्टिव लेवल तथा सेकेंडरी लेवल) विषय की परीक्षा पहले 5 जनवरी 2026 को निर्धारित थी, जिसे अब 12 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का समय और परीक्षा केंद्र में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, वे पहले वाले ही रहेंगे।

### एमडीयू में 1 जनवरी को नववर्ष मिलन समारोह

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में नववर्ष 2026 के आगमन को सामूहिक उल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार 1 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे कुलपति कार्यालय के प्रवेश द्वार के समीप स्थित खुले परिसर में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह इस अवसर पर सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देंगे।

### बीएड की प्रायोगिक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी ने बीएड द्वितीय वर्ष (री-अपीयर) की प्रायोगिक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि बीएड द्वितीय वर्ष (री-अपीयर) की प्रायोगिक परीक्षाएं 08 से 09 जनवरी 2026 तक सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक तथा जी.बी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक में आयोजित की जाएंगी। वहीं बीएड विशेष शिक्षा द्वितीय वर्ष (री-अपीयर) की प्रायोगिक परीक्षा 08 जनवरी 2026 को सिरतार कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गांधी कैंप, रोहतक में आयोजित की जाएगी।

### कार्यालयों के नियमित निरीक्षण के निर्देश

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने रोहतक, महम व सांपला के उपमंडल अधिकारियों (नागरिक) को पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कार्यालयों की नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश जनहित, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अपने कार्यालयों के साथ-साथ अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करने बारे दिए गए है।

### ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन

## दो युवकों को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत रोहतक पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और कुल छह जिंदा रौंद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना सांपला में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें नियमानुसार न्यायिक प्रक्रिया में भेजा गया।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

### तलाशी में बरामद हुआ हथियार

तलाशी के दौरान एक आरोपी के पास से देसी पिस्तौल बरामद होने से पुलिस टीम भी सतर्क हो गई। पुलिस के अनुसार साहिल के पास से एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा रौंद मिले, जबकि दूसरे आरोपी प्रवेश के कब्जे से तीन जिंदा रौंद बरामद किए गए। बरामद हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर पुलिस ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपियों की हुई पहचान

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिल पुत्र राजेश, निवासी विजय विहार, रोहिणी, दिल्ली तथा प्रवेश पुत्र हरिओम, निवासी गन्नौर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे अवैध हथियार कहां से लेकर आए थे और उनका उद्देश्य क्या था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज किया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है।



**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते पूर्व मंत्री व किसान नेता कृष्णमूर्ति हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

## सीएम को सौंपा ज्ञापन, खेतों से पानी निकलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पूर्व मंत्री व किसान नेता कृष्णमूर्ति हुड्डा ने मंगलवार सायं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कबीर कुटिया, चंडीगढ़ स्थित उनके निवास पर मुलाकात कर किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि रोहतक जिले के महम विधानसभा क्षेत्र के गांव फरमाणा खास, फरमाणा बादशाह और बेडुआ में भारी वर्षा के कारण खरीफ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है, वहीं खेतों में पानी भरा होने से रबी फसल की बिजाई भी संभव नहीं हो पा रही। किसान नेता ने मांग की कि प्रभावित गांवों के खेतों से तुरंत पानी निकलवाया जाए और खरीफ फसल के नुकसान का सरकारी मुआवजा दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए रोहतक के उपायुक्त को फोन कर तत्काल पानी निकासी के आदेश दिए। इसके बाद उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाकर स्थायी समाधान पर चर्चा की।




**मौसम** अधिकतम तापमान 17.4 और न्यूनतम 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज

## कोहरे का कहर, दृश्यता 10 मीटर से भी कम, कई गाड़ियां भिड़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

घने कोहरे ने मंगलवार को भी शहर ही नहीं, बल्कि आउटर एरिया में यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया। कोहरे के कारण दृश्यता 10 मीटर से भी कम रही। शहर से बाहर सड़कों पर गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। अलग-अलग स्थानों पर 10 से 12 छोटे-बड़े सड़क हादसे सामने आए, जिनमें वाहन क्षतिग्रस्त हुए और यातायात कई बार बाधित रहा। हालात इतने खराब रहे कि कई वाहन चालक सड़क पर आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाए और वाहनों को साइड में खड़ा करना पड़ा। दिन के समय में भी दृश्यता दस मीटर रही, जबकि रात में स्थिति और भी भयावह हो गई। कई इलाकों में दृश्यता एक से दो मीटर तक सिमट गई। आउटर बाईपास, हाईवे और गांवों को जोड़ने वाली सड़कों पर कोहरे का असर सबसे ज्यादा देखने को मिला, जहां तेज रफ्तार में चल रहे वाहन अचानक ब्रेक लगने से आपस में टकरा गए। गनीमत रही कि अधिकांश हादसे मामूली रहे, हालांकि वाहन चालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 2.8 डिग्री कम रहा। ठंडी हवाओं के साथ घने कोहरे ने ठंड का असर और बढ़ा दिया। लोग दिनभर गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। कोहरे का असर बस और रेल यातायात पर भी साफ दिखाई दिया। 200 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाली बसें एक से डेढ़ घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचीं। रेलवे सेवाएं भी प्रभावित रहीं। कई ट्रेनें सात से आठ घंटे की देरी से पहुंचीं। कालिंदी एक्सप्रेस सात घंटे और गोरखधाम एक्सप्रेस करीब चार घंटे की देरी से स्टेशन आई, जबकि अन्य ट्रेनें भी एक से डेढ़ घंटे लेट रहीं।

### कोहरे में देखना मुश्किल



### गेहूं के फसल पर कोहरे की बूंदें







# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टारर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।

लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन' साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन' अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं, पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं। लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।



## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।



# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज


**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5*** : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5*** : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।








***हीरामंडी सीजन 2*** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2*** : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब*** : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

***मुंबई।*** *साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*




## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

***नई दिल्ली।*** *साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।







**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।

**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शतकवीर रक्तदाता तस्वीर हुड्डा सम्मानित

**रोहतक।** सेवार्थ वेलफेयर सोसाइटी और कमलेश सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'विरासत ए शहादत' कार्यक्रम में सांघी गांव के दिव्यांग शतकवीर रक्तदाता तस्वीर हुड्डा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंडित श्रीराम रंगशाला में समाजसेवी राजेश जैन की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रदेशभर से अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### युवा प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण करें ग्रहण

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान सचिन गुप्ता ने रेडक्रॉस भवन में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं का आह्वान किया कि वे प्राथमिक चिकित्सा के प्रशिक्षण को रुचिपूर्वक ग्रहण करें। यह केवल एक कोर्स ही नहीं है, अपितु किसी व्यक्ति की बहुमूल्य जिंदगी को बचाने का प्रशिक्षण है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की जिंदगी को बचाने वाला फरिशता से कम नहीं होता। सचिन गुप्ता स्थानीय जिला रेडक्रॉस सोसायटी के भवन में 8 दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा के व्यावसायिक प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर रहे थे।

### रोहतक रॉयल्स संदीप की एंट्री से बढ़ा दम



**रोहतक।** रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइजी रोहतक रॉयल्स ने पहली कबड्डी चैंपियंस लीग की नीलामी में संतुलित और दमदार टीम का गठन कर लिया है। नीलामी का सबसे बड़ा आकर्षण भारत के दिग्गज ऑलराउंडर और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संदीप नरवाल का टीम से जुड़ना रहा। उनके अनुभव से रॉयल्स को मजबूती मिलेगी।

---

## बुराइयां मन को कमजोर कर जीवन में खड़ी करती हैं परेशानियां

# नववर्ष पर बुराइयों को त्यागने का लें संकल्प : बीके सुमन

मन बदलेगा तो हमारी दृष्टि बदलेगी, जब हमारी दृष्टि बदलेगी तभी हमारे संस्कार बदलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

बुराइयां मन को कमजोर बनाती हैं। नए साल पर बुराइयों को खत्म कर देना है। मन बदलेगा तो हमारी दृष्टि बदलेगी।

जब हमारी दृष्टि बदलेगी तभी हमारे संस्कार बदलेंगे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज सेंटर महम की सहसंचालिका बीके सुमन ने श्रद्धालुओं को नए साल पर बुराइयों को त्याग करने का संदेश दिया है। बीके सुमन ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया है कि वे नव वर्ष पर गुस्सा, अंहकार व ईर्ष्या का त्याग कर दें। बुराइयां समाप्त होने के बाद खुशी और शांति महसूस होती है।

यह प्रण करना है कि सबके साथ मीठा बोलना है। कड़वी बातों से रिश्ते खराब हो जाते हैं और कड़वी बातों को लोग सदैव याद रखते हैं, इसलिए मीठा बोलना है। सकारात्मक सोच रखनी है। संसार को बदलने की बजाए हमें स्वयं को बदलना है। देखेंगे कि हम बदल रहे हैं तो दुनिया भी बदली हुई लगेगी। अपने संकल्पों को दृढ़ बनाना है, जिस बात से मैं स्वयं परेशान हूं, मेरा परिवार परेशान है, उस व्यर्थ संकल्प के बीज को पुराने वर्ष में जलाकर नया वर्ष मनाना है। दुनिया वाले नए साल पर होटल में खाना खाने जाएंगे। दुकानों से नए कपड़े व नया मोबाइल फोन खरीदेंगे। यह केवल एक दिन की खुशी है। लेकिन बुराइयां समाप्त करने वाले लोग हर दिन नया साल मनाएंगे। बुराइयां समाप्त होने पर आप देखेंगे कि आपका मन खुशियों से भरपूर हो रहा है। यह व्रत लेना है कि हमें हर रोज किसी को खुशी देनी है। सभी के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य, सफलता सदा साथ रहें और अपने कर्मों को हम श्रेष्ठ बनाते हुए चलें। नए साल पर कुछ नया करना ही है तो किसी रोते हुए को हंसाएं। किसी रूठे को मनाएं। किसी टूटे को सहारा दें। गलत करने वाले को भी माफ करें। जो है उसे संभालें और जो आने वाला है उसे श्रेष्ठ बनाएं। बीता हुआ साल हमें बहुत कुछ सीख देकर गया है। कई हमने खुशियां पाईं तो कहीं दर्द और तो कहीं संघर्ष। लेकिन आज का दिन हमें यह सिखाता है कि जो बीत गया उससे बोझ नहीं समझना। अनुभवों से आगे बढ़ाना है। कोई रो रहा है तो उसकी मुस्कान बनना है। कोई रूठा है तो उसे मना लेना है। कोई सहारा चाहते हैं तो उनका सहारा बनना है। अपने व्यवहार में शुद्धता लानी है। हमारा परिवर्तन ही हमारे नव वर्ष की शुरुआत है।

### अतीत को भूलकर मनाएं नया साल



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज सेंटर महम की सहसंचालिका बीके सुमन ने कहा कि 2026 में कुछ नया करने का संकल्प करना है। केवल हम आज तक कैलेंडर बदलते आए हैं। लेकिन इस बार हमें नई सोच से नए जीवन की शुरुआत करनी है। बीते वर्ष की खट्टी बातों को भुला देना है, क्योंकि बुरी बातें दुख देती हैं। इसलिए हमारे जीवन में जो बुरी बातें हुई हैं, उनको याद नहीं करना है। बीके सुमन ने कहा कि जो बात मुझे पसंद नहीं आती या कोई घटना जो बार-बार याद आकर दुख देती हो। अब मुझे अपनी अंदर की शक्तियों को जागृत कर उन बातों को जल्दी ही बिंदी लगानी है। पहले जैसा उमंग उत्साह से भरपूर खुशियों से भरपूर जीवन जीना है और सदा दूसरों के लिए उपयोगी साबित होना है।

### दिया संदेश

- ओम शांति सेंटर की सह संचालिका बीके सुमन ने नए साल के लिए श्रद्धालुओं को दिया संदेश
- जिस बात से मैं स्वयं परेशान हूं, मेरा परिवार परेशान है, उस व्यर्थ संकल्प के बीज को पुराने वर्ष में जलाकर नया वर्ष मनाना है

---



**रोहतक।** ग्रीनलैंड स्कूल में नशा मुक्त की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# ग्रीनलैंड स्कूल में नशा न करने की दिलाई शपथ

- नशा मुक्त हरियाणा दूध अमृत शपथ संकल्प समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ग्रीनलैंड स्कूल परिसर में नशा मुक्त हरियाणा दूध अमृत शपथ संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशा मुक्त, स्वस्थ और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

समारोह में विद्यालय के निर्देशक अत्तर सिंह कौशिक एवं सह-निदेशिका श्रीमती संतोष कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बाधित करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ ली तथा अपने परिवार और समाज में नशे के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। उप-प्रधानाचार्या तनु सचदेवा एवं प्राइमरी हेडमिस्ट्रेस ज्योति अत्री ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को सही दिशा मिलती है और उनके सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि इस शपथ संकल्प के माध्यम से छात्र न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि समाज में भी नशा मुक्त हरियाणा का संदेश फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

---

# नशा नरक का द्वारः अमर कटारिया

- सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नशे के खिलाफ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस विभाग एवं नरेंद्र कटारिया के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ व सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रैफिक पुलिस के एसएचओ अमर कटारिया अपनी टीम के साथ उपस्थित हुए। विद्यालय की ओर से अनूप कुमार ने मुख्य अतिथि का पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया। अमर कटारिया ने कहा कि नशा नरक का द्वार है, जो व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बादी की ओर ले जाता है। उन्होंने नशे के कारण टूटते परिवारों और बिगड़ते सामाजिक ताने-बाने पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत कर प्रेम विवाह के बाद उत्पन्न सामाजिक व पारिवारिक परिस्थितियों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। साथ ही छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्राचार्या नीलम सैनी ने पुलिस विभाग के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरोज सैनी, सुमन तंवर, ज्योति सैनी, मीनू सैनी, प्रीति मुंडे एवं ममता भी उपस्थित रहीं।

---

# पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों का देशव्यापी प्रदर्शन तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बैंकिंग सेक्टर में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों ने मंगलवार को देशभर में प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बैनर तले बैंक कर्मचारियों ने अपने-अपने बैंक कार्यालयों के सामने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार से जल्द फैसला लेने की मांग की।

जोनल के प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि बैंकों की शाखाओं में कर्मचारियों और अधिकारियों पर काम का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। स्टाफ की भारी कमी, बढ़ते व्यावसायिक लक्ष्य और ग्राहकों का दबाव कर्मचारियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। इसी को देखते हुए यूएफबीयू ने बैंकों में हर सप्ताह 5 कार्य दिवस लागू करने की मांग उठाई है। वर्ष 2015 में हुए 10वें द्विपक्षीय समझौते और 7वें संयुक्त नोट के तहत हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश तय किया गया था, जबकि शेष शनिवारों को पूर्ण कार्य दिवस रखा गया। हालांकि, बदलते कार्य परिवेश और बढ़ते दबाव को देखते हुए अब सभी शनिवारों को अवकाश घोषित करने की जरूरत है।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### यह है मांग

7 दिसंबर 2023 को भारतीय बैंक संघ और वर्कमेन यूनियनों के बीच बैंकिंग इंडस्ट्री के लिए नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत सभी शनिवार को छुट्टी घोषित करने पर सहमति बनी थी। इसके बाद ने इस संबंध में सरकार को सिफारिश भी भेज दी है। काम के घंटों में आवश्यक बदलाव केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी के बाद ही लागू होने हैं। नेताओं ने कहा कि इस मुद्दे को सरकार की मंजूरी के लिए भेजे हुए लगभग दो साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने मांग की कि बैंक कर्मचारियों की कार्य स्थितियों को ध्यान में रखते हुए 5 दिवसीय कार्य सप्ताह को जल्द लागू किया जाए।

---

## न्यूज डायरी



**रोहतक।** गवर्नमेंट स्कूलों में गरम जर्सी व जूते वितरित करने आए महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अग्रसेन सेवा सदन ने 6 स्कूलों में बांटी जर्सी

**रोहतक।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के पदाधिकारी ने सर्दी को देखते हुए गर्म स्वेटर वितरित की। इस मौके पर भगवतीपुर मदीना, मोखरा व निन्दिना स्कूल के प्राचार्य व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने ट्रस्ट के सभी सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि सर्दी को देखते हुए ट्रस्ट गवर्नमेंट स्कूलों में गरम जर्सी व जूते वितरित कर रहा है, जिससे सर्दी से बचा जा सके। सुशील गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है बच्चों को नोटबुक, किताबें व वाटर कूलर लगाकर मार्च माह में सेवा आरंभ हो जाएगी। इस मौके पर प्राचार्य अंजना सिंह, सविता, अनु, सुमन ,सुधीर ,कृष्णा रंजन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल, सुशील गुप्ता, देशराज बंसल, मुकेश गुप्ता, विजय गोयल, मनोज गुप्ता, पुनीत गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**रोहतक।** आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते प्रदेश कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया। फोटो : हरिभूमि

### अटल बिहारी वाजपेयी के विचार मजबूत आधार

रोहतक। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्रसेवा को समर्पित अटल स्मृति प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार को भाजपा कार्यालय "मंगलकमल" में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति में शुचिता, मर्यादा और संवाद के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है और आज के राजनीतिक परिवेश में उनके विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं।

### योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में प्रदेश का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में झारखंड योग एसोसिएशन द्वारा 27 से 30 दिसंबर 2025 तक रतनलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रांची में आयोजित 50वीं सब-जूनियर एवं जूनियर नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप–2025 में हरियाणा के योग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया। समग्र उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हरियाणा टीम ने ओवरऑल फर्स्ट रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन की मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. जनक राज ने बताया कि ट्रैडिशनल इवेंट में विभिन्न आयु वर्गों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए। वहीं आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में मनीष कुमार ने स्वर्ण व रजत पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि दर्ज की।

---

# बढ़ते कोहरे और जहरीली हवा पर बत्रा की चेतावनी, जनसुरक्षा और स्वस्थ्य सर्वोपरि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विधायक भारत भूषण बत्रा ने सर्दियों के मौसम में घने कोहरे के कारण सड़कों पर कम होती दृश्यता और इसके चलते बढ़ रहे सड़क हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कोहरा केवल एक प्राकृतिक समस्या नहीं है, बल्कि लापरवाही के साथ मिलकर यह जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे समय में हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य बनता है कि वह अपनी और दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे। विधायक बत्रा ने जनसामान्य से अपील की कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने विशेष रूप से युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि नववर्ष के उत्साह में देर रात तक अकारण सड़कों पर वाहन दौड़ाना एक गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिससे खुद के साथ कई निर्दोष लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। विधायक ने कहा कि समाज में अनुशासन, संयम और जिम्मेदारी जैसे नैतिक मूल्य ही सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण की नींव होते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने आचरण में सावधानी और संवेदनशीलता अपनाए, तो कई दुर्घटनाओं और त्रासदियों को रोका जा सकता है। विधायक ने शहर में लगातार बढ़ते एयर क्वालिटी इंडेक्स स्तर पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है। जहरीली हवा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए अत्यंत खतरनाक है और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

### प्रशासन ठोस कार्रवाई करे : बत्रा



विधायक बत्रा ने प्रशासन से अपील की कि बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए ठोस और सख्त प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कड़ी निगरानी, खुले में कचरा जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई, औद्योगिक प्रदूषण की नियमित जांच तथा हरित पट्टी और पौधारोपण को बढ़ावा देने जैसे उपायों को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की।

---

# गोयल क्रिकेट क्लब ने क्रिकेट अकादमी बाय रोहित शर्मा को 9 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में खेले गए मास्टर धर्मपाल मेमोरियल अंडर-13 टूर्नामेंट के लीग मैच में गोयल क्रिकेट क्लब ने क्रिकेट अकादमी बाय रोहित शर्मा को 9 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। गोयल क्रिकेट क्लब ने अपने दमदार प्रदर्शन से मैच को एकतरफा बना दिया। क्रिकेट अकादमी बाय रोहित शर्मा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा की टीम 34.2 ओवर में 149 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए आयान सिंह ने 66 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें उन्होंने 6 चौके लगाए। वहीं, देवांश कपूर ने 35 रन बनाए। गोयल क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। तमनजोत सिंह घई और मयंक मेवलीवाल ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में गोयल क्रिकेट क्लब ने 16.2 ओवर में ही 153 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम के कप्तान संकल्प ने 54 रन बनाए, जबकि आरव मलिक ने 68 रन की तूफानी पारी खेली। आरव ने सिर्फ 31 गेंदों में 9 चौके और 3 छक्के लगाकर 219.35 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**बल्लेबाजः** आरव मलिक (68 रन, 31 गेंद, 9 चौके, 3 छक्के, स्ट्राइक रेट 219.35) **गेंदबाजः** तमनजोत सिंह घई (6 ओवर, 14 रन देकर 2 विकेट) मैन ऑफ द मैच : संकल्प (54 रन , 7 चौके)


---

## 143 पदों पर होगी भर्ती, विद्यार्थियों मिलेंगे नए शिक्षक, हौसलों को लगेंगे पंख

### नए साल में उम्मीद

# करीब एक दशक बाद एमडीयू में शिक्षक भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





नया वर्ष 2026 महर्षि दयानंद विवि के लिए नई उम्मीदों और नए अवसरों का संदेश लेकर आया है। विवि वर्ष 2025 में जारी विज्ञापन के तहत लगभग एक दशक के लंबे अंतराल के बाद शिक्षण पदों को भरने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विवि के अनुसार, कुछ विभागों में संकाय की संख्या बेहद कम रही है, जबकि कुछ विभाग ऐसे भी रहे हैं जहां नियमित शिक्षक लगभग नहीं के बराबर था। ऐसे में यह भर्ती अभियान एमडीयू के शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने और शिक्षण, शोध व नवाचार को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अधिसूचित विज्ञापन के अनुसार, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल लगभग 143 पद लगभग सभी विषयों/विभागों में विज्ञापित किए गए हैं। इस भर्ती प्रक्रिया में विवि के करीब 34 शिक्षण विभाग शामिल हैं ।

एमडीयू ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया हरियाणा सरकार के नियमों एवं राज्य आरक्षण नीति के पूर्ण अनुपालन में की जा रही है। इसमें अनारक्षित (यूआर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), ओएससी, डीएससी, बीसीए, बीसीबी, ईएसएम, ईएसएमएससी और दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) श्रेणियों के प्रावधान सम्मिलित हैं। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इस भर्ती में लंबे समय से लंबित बैकलॉग पदों को भी शामिल किया गया है। विशेष रूप से, विश्वविद्यालय ने रेखांकित किया कि एमडीयू के इतिहास में पहली बार प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर जैसे वरिष्ठ प्रत्यक्ष पदों पर आरक्षित श्रेणियों हेतु बैकलॉग पद भी शामिल किए गए हैं, जो प्रतिनिधित्व से जुड़ी पुरानी कमी को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जनवरी के प्रथम सप्ताह में होंगे साक्षात्कार

विश्वविद्यालय प्रशासन ने आगे बताया कि भर्ती का एक बड़ा हिस्सा अनुमानतः लगभग 60 प्रतिशत आरक्षित श्रेणियों में बैकलॉग सहित पदों को भरने पर केंद्रित है, ताकि सरकारी निर्देशों के अनुरूप आरक्षण का लाभ वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो सके। लगभग एक दशक से नियमित शिक्षक भर्ती की प्रतीक्षा कर रहे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और अन्य हितधारकों के लिए यह प्रक्रिया शिक्षण क्षमता, मार्गदर्शन (मेंटोरिंग) और छात्र सहयोग प्रणाली को मजबूत करने की दृष्टि से एक नई आशा के रूप में देखी जा रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत देते हुए विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि वरिष्ठ पदों के लिए साक्षात्कार जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ किए जाएंगे।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS



- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC

के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

## कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही पर उठे कई सवाल

### इन घटनाओं ने झकझोरा

# अलविदा 2025 : एडीजीपी वाई पूरण कुमार, एएसआई संदीप, हार्दिक और रोहित की मौत के मामले छाए रहे

वरिष्ठ आईपीएस एडीजीपी वाई पूरण कुमार, एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या मामलों ने जहां पुलिस विभाग के भीतर के तनाव, प्रशासनिक दबाव और आंतरिक कार्यसंस्कृति पर बड़ी बहस छेड़ दी, वहीं खिलाड़ी हार्दिक राठी और रोहित धनखड़ की मौत ने न केवल आम जनता को झकझोर दिया, बल्कि सरकार और पुलिस तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। खेल विभाग की लापरवाही की भेंट चढ़े राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक की मौत ने विभाग की जीर्ण शीर्ण व्यवस्था को उजागर किया तो वहीं, भिवानी में शादी में गए नेशनल बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ की हत्या के मामले ने भी खूब तूल पकड़ा। पेश है ऐसे मामलों पर इस साल की रिपोर्ट...।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साल 2025 हरियाणा में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर कई सवाल छोड़ गया। इस वर्ष आत्महत्या से जुड़े दो हाई-प्रोफाइल मामले एडीजीपी वाई पूरण कुमार और एएसआई संदीप लाठर राज्य भर में चर्चा का केंद्र बने रहे। इन मामलों ने न केवल आम जनता को झकझोर दिया, बल्कि सरकार और पुलिस तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। दोनों मामलों में एक समान बात यह रही कि परिजनों ने न्याय की मांग की और प्रशासन पर समय पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाए। बढ़ते जनदबाव के बीच सरकार को स्वयं मोर्चा संभालना पड़ा। इसके अलावा खेल विभाग की लापरवाही की भेंट राष्ट्रीय स्तर का बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी चढ़ गया। उसकी लाखनमाजरा स्टेडियम में प्रेक्टिस के दौरान मौत हो गई। साथ ही भिवानी में शादी में गए नेशनल बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ की हत्या के मामले ने भी खूब तूल पकड़ा।

### सिस्टम पर उठे सवाल



वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और एडीजीपी रैंक के अधिकारी वाई पूरण कुमार से जुड़ा मामला सबसे अधिक संवेदनशील और चर्चित रहा। उन्होंने अक्तूबर 2025 में अपने चंडीगढ़ निवास पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उनके मकान से सुसाइड नोट भी बरामद हुए थे। उनके निधन के बाद सामने आए तथ्यों और परिजनों के आरोपों ने पुलिस विभाग के भीतर के तनाव, प्रशासनिक दबाव और आंतरिक कार्यसंस्कृति पर बहस छेड़ दी। परिवार का कहना है कि उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया गया और समय रहते उनकी शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। एडीजीपी के परिजनों ने निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए राज्य सरकार से न्याय की गुहार लगाई। इस मामले ने यह सवाल खड़ा कर दिया कि जब एक शीर्ष अधिकारी ही सुरक्षित महसूस नहीं करता, तो आम कर्मचारियों की स्थिति क्या होगी। एडीजीपी के साथ यह घटना तब हुई जब रोहतक पुलिस ने उनके अंडर कार्यरत एक पुलिस कर्मचारी को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया।

### एएसआई लाठर मामला



जींद निवासी एएसआई संदीप लाठर ने एडीजीपी वाई पूरण कुमार आत्महत्या प्रकरण के बाद अक्तूबर 2025 में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। वह रोहतक में कार्यरत थे। उन्होंने मरने से पूर्व एक वीडियो बनाई थी, जिसमें अफसरों पर आरोप लगाए गए। एएसआई संदीप लाठर से जुड़ा मामला भी पुलिस महकमे में गहरी बेचैनी का कारण बना। इन दो बड़ी घटनाओं के बाद सरकार और पुलिस विभाग को काफी मंथन करना पड़ा।

### रोहित धनखड़ को नहीं मिला अभी तक न्याय


रोहित धनखड़

मामला 27 नवंबर 2025 की रात का है। रोहतक के हुमायुपर वासी करीब 26 वर्षीय नेशनल खिलाड़ी बाडीबिल्डर रोहित धनखड़ अपने एक दोस्त चरखी दादरी के बौंदकला वासी जतिन के साथ भिवानी के गांव रेवाड़ी खेड़ा में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। जतिन की बहन इस गांव में शादीशुदा है और उसकी बहन की ननद की शादी थी। शादी के दौरान बारात में आए कुछ लोगों के साथ रोहित की कहासुनी हुई। रोहित के साथी जतिन ने बताया था कि बारात में आए कुछ शादी समारोह में लड़कियों पर अश्लील शब्द बोल रहे थे। जिसका रोहित ने विरोध किया। जिस पर कहासुनी हुई। रात करीब साढ़े 11 बजे जब जब रोहित और जतिन अपनी गाड़ी से रोहतक जाने लगे तो गांव से बामला रोड पर रेलवे फाटक बंद था। इसी दौरान उनका पीछा करते हुए झगड़ा करने वाले युवक आ गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआइ रोहतक रेफर कर दिया गया। जहां 28 नवंबर को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में अभी तक केवल पांच आरोपी काबू किए गए हैं। जिसकी वजह से परिवार में रोष व्याप्त है। परिवार का कहना है कि अभी तक न्याय नहीं मिला है।



### बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी मामला: खेल जगत में शोक

तीसरा मामला युवा बास्केटबॉल खिलाड़ी लाखनमाजरा निवासी हार्दिक राठी से जुड़ा रहा, जिसने खेल जगत को गहरे सदमे में डाल दिया। हार्दिक एक उभरते हुए खिलाड़ी थे और उन्होंने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई थी। उनके पिता संदीप राठी ने आरोप लगाया कि उनके बेटा नवम्बर 2025 में प्रेक्टिस के लिए लाखनमाजरा स्टेडियम में गया था, जहां उस पर पोल गिर गया और उसकी मौत हो गई। खेल विभाग की लापरवाही की वजह से उनके बेटे के साथ यह हादसा हुआ।

### सरकार पर दबाव, संभालना पड़ा मोर्चा

तीनों मामलों के तूल पकड़ने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्रियों को सार्वजनिक रूप से बयान देकर स्थिति संभालनी पड़ी। उन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार की ओर से विशेष जांच और रिपोर्ट की बात कही गई, लेकिन विपक्ष और सामाजिक संगठनों का कहना है कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस और पारदर्शी कार्रवाई जरूरी है।

### किशोरी कॉलेज प्रथम रहा

**रोहतक।** इंटर कॉलेज महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए किशोरी कॉलेज रोहतक ने प्रथम, टीका राम कॉलेज सोनीपत ने द्वितीय व जाट कॉलेज रोहतक ने तृतीय स्थान हासिल किया। जाट कॉलेज में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने शिरकत की। इस अवसर पर एमडीयू की टीम का चयन किया गया। इसमें 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया। मौके पर डॉ. सुमन, डॉ. मनीषा, डॉ. नितिश, डॉ. सुंदर श्रीवास्तव व डॉ. मनीष मौजूद रहे।

### शोध सहायक को आवेदन आमंत्रित

**रोहतक।** मदवि के चौ रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान द्वारा एक शोध परियोजना के अंतर्गत शोध सहायक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने बताया कि 'समावेशी फूड ट्रक उद्यमिता के माध्यम से मूक-बधिर समुदाय को सशक्त बनाना विषय पर आधारित परियोजना के लिए शोध सहायक का एक पद भरा जाना है, जिसकी अवधि अधिकतम आठ माह होगी। चयनित अभ्यर्थी को प्रतिमाह 20 हजार मानदेय दिया जाएगा। इस पद के लिए पीएचडी या नेट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण तथा हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज्म मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिग्री आवश्यक है।

### एमएसएमई तकनीकी सेंटर के 10 युवाओं का टाटा मोटर्स कंपनी में चयन : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि स्थानीय आईएमटी स्थित केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा संचालित किए जा रहे एमएसएमई तकनीकी सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अंतिम वर्ष के 10 विद्यार्थियों का देश की प्रतिष्ठित ऑटो मोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स द्वारा चयन किया गया है। यह विद्यार्थी एडवांस डिप्लोमा इन टूल एंड डाइमेकिंग तथा डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स पाठ्यक्रमों में फाइनल ईयर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

### लाहली में प्रशासन आपके गांव एवं रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन लाहली गांव में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवायेगा तथा ग्रामीणों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। प्रशासन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सचिन गुप्ता सोमवार देर सांय जिला के कलानौर खंड के गांव लाहली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं के तुरंत समाधान के निर्देश दिए। गांव में पेयजल की समस्या का समाधान करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त जल घर के निर्माण की स्वीकृति दिलवाकर अगले वर्ष के अंत तक इसका निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा।



# सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता 2025-26 की जिला स्तरीय परीक्षा आयोजित

*लेवल-1 में मॉडल स्कूल अंबेडकर चौक, लेवल-2 में मॉडल स्कूल सेक्टर-4, लेवल-3 में पठानिया पब्लिक स्कूल व लेवल-4 में वैश्य कॉलेज के छात्र विजेता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता 2025-26 की जिला स्तरीय परीक्षा का आयोजन आईडीटीआर सेंटर, रोहतक में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के सरकारी और निजी स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता चार अलग-अलग स्तरों लेवल-1, लेवल-2, लेवल-3 और लेवल-4 में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र ढुल, प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक जसबीर, सहायक उप निरीक्षक राजेश, मॉडल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अरुण तनेजा तथा पठानिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर अंशुल पठानिया विशेष रूप से मौजूद रहे। उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।




**रोहतक।** विजेताओं को सम्मानित करते उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र ढुल, मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल अरुण तनेजा तथा पठानिया स्कूल के डायरेक्टर अंशुल पठानिया। आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया । *फोटो : हरिभूमि*

### यातायात नियमों की जानकारी जीवन रक्षा का माध्यम

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों की सही जानकारी और उनका पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का निरंतर आयोजन कर युवा पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### >> 306 विद्यार्थियों ने लिया भाग

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशों में आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 9 सरकारी और निजी स्कूलों व कॉलेजों के 306 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों की सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक संकेतों और नियमों की समझ का आकलन किया गया।

### ये रहे विजेता

लेवल-1 में मॉडल स्कूल अंबेडकर चौक की टीम ध्रुव, हार्दिक और हर्ष विजेता रही। लेवल-2 में मॉडल स्कूल सेक्टर-4, रोहतक की टीम गार्गी, तनमय और यशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेवल-3 में पठानिया पब्लिक स्कूल रोहतक की टीम ध्रुव, लक्षिता और रितेश ने जीत हासिल की। लेवल-4 में वैश्य कॉलेज रोहतक के छात्र जतिन, लक्ष्य और दीपांशु विजेता घोषित किए गए।

### रेंज स्तर पर करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

प्रतियोगिता में विजेता रहे सभी छात्र-छात्राएं आगामी रेंज स्तर की सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुलिस प्रशासन ने उम्मीद जताई कि ऐसे कार्यक्रमों से सड़क सुरक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।

# गरीबों को कंबल बांटे



**रोहतक।** जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते एल.पी.एस. बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन व महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज।

**रोहतक।** शीत लहर के चलते प्रातः एल.पी.एस. बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन के द्वारा लगातार दसवे साल भी पुरानी आईटीआई ग्राउंड कम्युनिटि सैंटर के पास गरीब बेसहरा व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया गरिमय उपस्थित एल.पी.एस. बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, सानिध्य महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज ने जरूरत मंद लोगो को कंबल बांटे। सैकड़ों की संख्या में राज मजदूरों, झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले, रिक्शा चालने वाले व जरूरतमंदों को 440 गर्म कंबल सर्दी से बचने के लिए वितरित किए गए। कंबल लेने के लिए महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की लम्बी लाईन लग गई थी। भयंकर सर्दी को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, अस्थल बोहर सहित शहर के कई स्थानों पर जरुरत मंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए जाएंगे।

राजेश जैन ने सर्दी से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी । उन्होंने कहा हमें सुबह अपना कुछ समय निकालकर योगा जरूर करना चाहिए जिससे शरीर में सारा दिन सफूर्ति रहती है और योगा करने से रोगों से बचाव होता है और रक्त का संचार निरंतर चलता रहता है। और हमको कोसा पानी पीना चाहिए। जिससे सर्दी से बचा जा सके। हमें बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिससेउनको सर्दी से बचाया जा सके। इस अवसर पर राजीव जैन, सन्नी निझावन, पिंकी, योगेश अरोड़ा, शीतल, सेवा राम, राम, नरेश, आनन्द, दिलबाग, सोनू, आदि सेवादारों ने कंबल बांटने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# आठ दिवसीय अष्टलक्ष्मी महायज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



श्री सिद्धेश्वर तीर्थ स्थित श्री ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति में सिद्धगुरु सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के सान्निध्य में आयोजित आठ दिवसीय अष्टलक्ष्मी महायज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। देश-विदेश से बड़ी संख्या में गुरुभक्तों ने इसमें भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। गुरुदेव ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि अष्टलक्ष्मी केवल धन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि धर्म, धैर्य, ज्ञान, संतति, साहस, स्वास्थ्य, विजय और वैभव के रूप में जीवन को संतुलन प्रदान करती हैं। सच्ची लक्ष्मी व्यक्ति के आचरण और विचारों में निवास करती है। उन्होंने कहा कि शांत मन और सेवा भाव ही वास्तविक समृद्धि का आधार है। यह आयोजन आश्रम की ग्लोबल चेयरपर्सन सरला बोथरा और अध्यक्ष रमेश सांखला के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। आचार्य पंडित श्रीनिवास श्रीमाली के नेतृत्व में विधिवत अष्टलक्ष्मी पूजन, महालक्ष्मी हवन, गुरु मंत्र दीक्षा, पद्मावती माता महापूजन और सुहाग-सुहागन पूजा आयोजित की गई। अंतिम दिन विश्व शांति और लोक मंगल की कामना के साथ यज्ञ पूर्ण हुआ। समापन अवसर पर आश्रम प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए 15 फरवरी को महाशिवरात्रि कार्यक्रम में सहभागिता का आह्वान किया।

# पठानिया पब्लिक स्कूल में एनएसएस कैंप का भव्य समापन समारोह




**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप का समापन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह एनएसएस कैंप एनएसएस रोहतक के जिला समन्वयक श्री मनोज अहलावत के दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विद्यालय की यूनिट-1 के अध्यक्ष मोहन लाल एवं यूनिट-2 की अध्यक्ष नीतू सेठी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने सात दिनों तक समाजोपयोगी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। कैंप के दौरान प्रतापगढ़ भ्रमण, एफडीडीआई (फुटवियर डिजाइनिंग एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट) भ्रमण, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, काउंसलिंग सत्र तथा वृद्धाश्रम सेवा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला समन्वयक मनोज अहलावत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली पूंजी है। विद्यालय निदेशक अंशुल पठानिया ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। मौके पर स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, समन्वयक आलोक हुड्डा तथा शारीरिक शिक्षा अध्यापक सुरेश और इजहार भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**तैयारी** सभी डिग्री प्रोजेक्ट्स का प्रस्तुतीकरण फरवरी 2026 में जूरी के समक्ष किया जाएगा

# डीएलसी सुपवा ने वर्षों से लंबित शैक्षणिक अड़चन की समाप्ति, फिल्म एवं टीवी छात्रों को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए फिल्म एवं टेलीविजन विभाग के 2018 बैच के 40 छात्रों के वर्षों से लंबित डिग्री प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। लंबे समय से अटकी इन परियोजनाओं की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है, जिससे प्रभावित छात्रों को उनके शैक्षणिक भविष्य को लेकर बड़ी राहत मिली है। अंतिम दिन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अमित आर्य ने शूटिंग स्थल का दौरा किया और छात्रों व संकाय सदस्यों से संवाद किया। उन्होंने कई वर्षों की देरी के बावजूद प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में छात्रों की प्रतिबद्धता, धैर्य और जज़्बे की सराहना की। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए शैक्षणिक निरंतरता बहाल करने की दिशा में एक अहम कदम है। 2018 बैच के 11 डिग्री प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने अन्य बैचों के लंबित व निर्धारित प्रोजेक्ट्स को भी समानांतर रूप से पूरा किया। इनमें 2020 बैच की 10 लॉन्ग-शॉट फ़िल्में, 2021 बैच के 12 म्यूज़िक वीडियो प्रोजेक्ट्स, 2023–24 बैच की छह स्टूडियो फ़िल्में तथा 2024–25 बैच की छह डॉक्यूमेंट्री फ़िल्मों की शूटिंग शामिल है। 21 सितंबर से शुरू हुए इस व्यापक शूटिंग शेड्यूल से करीब 120 छात्रों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। सभी डिग्री प्रोजेक्ट्स का प्रस्तुतीकरण फरवरी 2026 में जूरी के समक्ष किया जाएगा।


**रोहतक।** शूटिंग स्थल का दौरा करते विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अमित आर्य।

### कुलपति के हस्तक्षेप का यह परिणाम

यह सफलता कुलपति डॉ. अमित आर्य के निर्णायक प्रशासनिक हस्तक्षेप का परिणाम मानी जा रही है। पदभार संभालते ही उन्होंने फिल्म एवं टीवी विभाग के लंबित प्रोजेक्ट्स के समाधान को प्राथमिकता दी। उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया का व्यापक पुनर्गठन किया, जिसमें अनुमोदन प्रक्रियाओं में तेजी, उपकरणों की समय पर उपलब्धता, बेहतर लॉजिस्टिक सहयोग और अतिरिक्त तकनीकी संसाधनों की तैनाती शामिल रही। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. आर्य ने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स में हुई देरी का असर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पर पड़ रहा था। संकाय, शूटिंग कंसल्टेंट्स और पूर्व छात्रों हरिओम कौशिक व अभिमन्यु के सहयोग से यह कार्य रिकॉर्ड 100 दिनों में पूरा किया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शेष सभी लंबित प्रोजेक्ट्स अगले 18 से 24 महीनों में पूरे कर लिए जाएंगे।